प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

06.04.2026/प्रादेशिक समाचार/11:00बजे

बीजेपी स्थापना दिवस

भारतीय जनता पार्टी आज अपना 47वां स्थापना दिवस मना रही है। गृह मंत्री अमित शाह ने भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओं को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सोशल मीडिया संदेश में कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की राष्ट्रवादी सोच और वैचारिक प्रेरणा से जन्मी भाजपा महज एक राजनीतिक दल नहीं बल्कि राष्ट्र के पुनर्निर्माण का संकल्प है। इस बीच, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने भी पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर सभी समर्पित कार्यकर्ताओं को बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि जनसंघ युग से लेकर आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनने तक का सफर इसके कार्यकर्ताओं के असंख्य बलिदानों और तपस्या की गाथा है।

सौदान सिंह

भाजपा प्रदेश पदाधिकारियों की दो दिवसीय बैठक आज से मंडी में शुरू हो रही है, जिसमें प्रदेश के सभी प्रमुख नेता और पदाधिकारी शामिल हो रहे हैं। पहले दिन आज प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक होगी, जिसमें प्रकोष्ठों के संयोजक, मीडिया, सोशल मीडिया और आईटी विभाग सहित संगठन के विभिन्न अंगों की भागीदारी रहेगी। बैठक में हिस्सा लेने के लिए भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह कल मंडी पहुंचे, जहां उनका पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह को प्रदेश की राजनीतिक परिस्थितियों एवं संगठनात्मक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी

विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे मंडी जिला संवाददाता–

डिस्पैच–––

हड़ताल

प्रदेश में कार्यरत 108 एवं 102 एंबुलेंस के सैंकड़ों कर्मचारियों ने श्रम कानूनों व न्यायिक आदेशों को लागू करने, न्यूनतम वेतन व कर्मचारियों की प्रताड़ना बंद करने सहित अन्य मांगों को लेकर सीटू के बैनर तले कल देर रात 8 बजे से 11 अप्रैल सुबह 8 बजे तक 132 घंटे की हड़ताल शुरू कर दी है। इसके तहत पांच दिन तक सैकड़ों कर्मी अपनी मांगों को लेकर छोटा शिमला स्थित सचिवालय में रात दिन धरना देंगे। इस प्रदेशव्यापी हड़ताल के दौरान एंबुलेंस सेवाएं पूर्ण रूप से बाधित रहेंगी। 108

व 102 एंबुलेंस कर्मचारी यूनियन ने कहा है कि अगर जल्द ही उनकी मांगों को न माना गया तो तो यूनियन निर्णायक संघर्ष करेगी। वहीं, सीटू के प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा ने मांग की है कि कर्मचारियों को सरकारी नियमानुसार न्यूनतम वेतन का भुगतान, डबल ओवरटाइम वेतन का भुगतान और कर्मचारियों को नियमानुसार सभी छुट्टियों का प्रावधान किया जाए।

<u>योजना</u>

प्रदेश सरकार ने एक जिला, तीन उत्पाद योजना शुरू की है। योजना का उद्देश्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाना, स्थानीय सशक्तीकरण को बढ़ावा देना और प्रदेश के स्थानीय उत्पादों की वास्तविक वाणिज्यिक क्षमता को विकसित करना है। इस योजना के तहत हर जिले से बाजार की संभावनाओं के आधार पर तीन प्रमुख उत्पादों की पहचान की जाएगी।

विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे शिमला जिला संवाददाता–

डिस्पैच–

<u>एलपीजी सिलेंडर</u>

केंद्र सरकार देश भर में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की उपलब्धता बनाए रखने के लिए सभी प्रयास कर रही है। सरकार ने नागरिकों से एलपीजी सिलेंडर बुक कराने के लिए डिजिटल तरीकों का उपयोग करने तथा गैस वितरकों के पास अनावश्यक जाने से बचने को कहा है। केंद्र सरकार ने पांच किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर की बिक्री बढ़ा दी है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम साफ बना हुआ है, जिससे लोगों को कुछ राहत मिली है। हालांकि पिछले 24 घंटों के दौरान ऊंची चोटियों पर बर्फबारी व निचले इलाकों में वर्षा हुई। वहीं, मध्यवर्ती व निचले इलाकों में कुछ स्थानों पर भारी ओलावृष्टि हुई, जिससे फसलों, फलों व सब्जियों को नुकसान पहुंचा है। मौसम के इस मिजाज से तापमान में भी कमी दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने आज भी ऊंचाई वाले इलाकों में हिमपात व अन्य स्थानों पर कहीं–कहीं वर्षा की संभावना जताई है। अगले दो दिन लाहौल–स्पीति व किन्नौर को छोड़कर प्रदेश के अन्य 10 जिलों में अंधड़, बिजली कड़कने व कुछ जगह ओलावृष्टि का आरेंज व येलो अलर्ट जारी किया है।